# बिजली तारों से गिरी चिंगारी से खेत में भड़की आग, 1 बीघा गेहूं जला

▶ ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की मदद से बड़ा नुकसान टला



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सैलाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर बिजली के तारों से निकली चिंगारी के कारण खेत में अचानक आग लग गई। आग की लपटों ने कुछ ही देर में करीब 1 बीघा क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे फसल जलकर राख हो गई। घटना सैलाना–पिपलौदा रोड स्थित सगस बाबजी मंदिर के पास कांग्रेस नेता जगदीश कुमावत के खेत की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने से चिंगारी गिरी, जिससे तैयार खड़ी फसल में आग लग गई। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और देखते ही देखते खेत का एक हिस्सा जलने लगा। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया।

घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई, जिसके बाद धामनोद नगर परिषद की फायर लॉरी मौके पर पहुंची। फायर कर्मियों और ग्रामीणों ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान कई ग्रामीण आग बुझाने के प्रयास में जुटे रहे।

बताया जा रहा है कि इन दिनों खेतों में गेहूं की फसल पूरी तरह पक चुकी है और कई स्थानों पर कटाई का काम भी शुरू हो गया है। फसल के सूखे होने के कारण आग तेजी से फैल रही थी। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास के करीब 50 बीघा क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल भी जलकर राख हो सकती थी। इस घटना में किसान को लगभग 30 से 40 हजार रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। समय रहते ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की तत्परता से बड़े नुकसान को टाल दिया गया।

**खेतों के ऊपर से गुजर रही हैं विद्युत लाइनें...**

बताया जा रहा है कि खेत के ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे हैं। खेत से गुजर रहे बिजली के तारों में दोपहर को शार्ट सर्किट हुआ और चिंगारी निकली, जिससे फसल में आग लग गई। दोपहर में गर्मी होने से व अचानक चिंगारी खेत में गेंहू की फसल पकर सुखी होने से आग लग गई। उल्लेखनीय है कि इन दिनों खेतों में गेहूं पक गए है। कटाई का काम भी चल रहा हैं। गेहूं की फसल पूरी तरह सुखी होने से आग की लपटे तेज होकर खेत में बढ़ती रही। जिससे 1 बीघा क्षेत्र में लगी गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। समय पर आग पर काबू पाने से यहां करीब 50 बीघा में गेहूं की खड़ी फसल बच गई।



# विशेष शिविर में पुलिस ने 56 शिकायतों का किया निराकरण

▶ पुलिस का सीएम हेल्पलाइन शिकायत निराकरण के लिए दो दिवसीय विशेष शिविर

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से रतलाम पुलिस द्वारा जिले के सभी थाना एवं चौकी स्तर पर सीएम हेल्पलाइन शिकायत निराकरण हेतु दो दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किए गए।

पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में जिले के समस्त थाना एवं चौकी स्तर पर यह शिविर आयोजित किया गया।

एसपी ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि शिविर के दौरान आने वाले आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। दिनांक 13 एवं 14 मार्च 2026 को आयोजित इस विशेष शिविर के दौरान जिले के विभिन्न थानों में पहुंचे शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनते हुए कुल 56 आवेदकों की शिकायतों का मौके पर ही संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया। वहीं अन्य प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। रतलाम पुलिस द्वारा इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान, पुलिस–जन संवाद को सुदृढ़ करने एवं प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## एक नजर में

### दो पक्षों में घरेलू हिंसा को लेकर मारपीट, पुलिस ने दोनों पक्ष के 11 लोगों पर किया प्रकरण दर्ज

**रतलाम।** माणक चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत घरेलु विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सांस ने बहु बेटे सहित सात लोगों पर तो बहु ने सांस, ससुर सहित चार लोगों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को एक पक्ष की फरियादी सांस जमुना बाई 57 वर्षीय निवासी करमदी रोड ने बेटे आशीष पिता गोविन्द कुमावत, बहु सीमा पति आशीष कुमावत, अरमान निवासी कस्तुरबा नगर, अंजु निवासी कस्तुरबा नगर, विशाल पिता विजय सक्सेना नि.कस्तुरबा नगर, सोनिया, आशु के खिलाफ शिकायत की है। वही, दूसरे पक्ष की बहु सीमा पति आशीष कुमावत 24 वर्षीय निवासी करमदी रोडने भी ससुर गोविन्द कुमावत पिता लक्ष्मण कुमावत, सांस जमुना बाई, निर्मला पति धीरज कोठारी, धीरज पिता पारस कोठारी नि. शुभ विहार कालोनी के खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने दोनों पक्षों के ग्यारह लोगो के विरुद्ध अश्लील गालिया, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### राजस्व अधिकारियों ने रसोई गैस एजेंसियों के वितरण केन्द्रों का किया निरीक्षण




**रतलाम।** जिले में उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति के लिए कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिले में राजस्व अधिकारियों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों के वितरण केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी के तहत आज 16 मार्च को शिवगढ़ गैस गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गैस स्टॉक, रिकॉर्ड एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की गई। ताल तहसील अंतर्गत कालूखेड़ा गैस गोदाम की जांच की गई। अधिकारियों द्वारा गैस सिलेंडरों के रखरखाव एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया गय।

### पश्चिम रेलवे के गैर–किराया राजस्व में रतलाम मंडल का उल्लेखनीय योगदान, 12 करोड़ का लक्ष्य हासिल

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे ने गैर–किराया राजस्व (एनएफआर) के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निर्धारित 12 करोड़ के वार्षिक लक्ष्य को रतलाम मंडल द्वारा सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है, जो मंडल की सुदृढ़ कार्यप्रणाली एवं नवाचारी सोच को दर्शाता है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में मुंबई स्थित चर्चगेट मुख्यालय में आयोजित विशेष समारोह में प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा रतलाम मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती हीना वी. केवलरामानी सहित वाणिज्य विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल की यह उपलब्धि मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार के कुशल मार्गदर्शन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती हीना वी. केवलरामानी के कुशल नेतृत्व के साथ ही वाणिज्य विभाग के अन्य अधिकारियो एवं कर्मचारियों के सतत समर्पण का ही प्रतिफल है कि रतलाम मंडल ने गैर–किराया राजस्व के क्षेत्र में समय से पूर्व अपने लक्ष्य से अधिक का राजस्व प्राप्त किया है।

### दिल्ली में हुई तरुण खटीक की हत्या के विरोध में जावरा में दिया ज्ञापन



**जावरा।** दिल्ली में तरुण खटीक की हत्या के संबंध में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने को लेकर क्षत्रिय खटीक समाज कल्याण समिति ने राष्टपति के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि नई दिल्ली के उत्तम नगर क्षेत्र में होली के दिन एक दुखद एवं चिंताजनक घटना सामने आई। एक छोटी बच्ची द्वारा खेल–खेल में फेंके गए रंग के गुब्बारे के छींटे मुस्लिम समाज की एक महिला पर लग जाने से विवाद उत्पन्न हो गया। इसके बाद स्थिति ने गंभीर रूप ले लिया और समाज के युवक तरुण खटीक की निर्मम हत्या कर दी गई, जो अत्यंत निंदनीय एवं अमानवीय कृत्य है। घटना से पूरे देश में खटीक समाज, सर्व हिन्दु समाज व नागरिकों में आक्रोश है। पीडित परिवार को उचित आर्थिक सहायता 2 करोड़ रूपये एवं सुरक्षा प्रदान की जाए। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोषियों को शीघ्र कड़ी से कड़ी सजा (फांसी) दी जाए। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी एवं कठोर कदम उठाए जाएं। क्षत्रिय खटीक समाज कल्याण समिति,अध्यक्ष भगवतीलाल नेका, सचिव मगनलाल कायस्थ, कोषाध्यक्ष त्रिलोक चावला, केलाश कायस्त, राहुल नेका, भेरूलाल नेका, रामबाबू कायस्त, रीतेश चन्देल, गोरी शंकर दायमा,आनंद नेका आदि उपस्थित थे।

# एकादशी संकीर्तन के साथ फागोत्सव मनाया, भजनों पर झूमी महिलाएं



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** एकादशी संकीर्तन के अंतर्गत होली पर्व के उपलक्ष्य में शहर के गीता मंदिर में रविवार, 15 मार्च को फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गीता मंदिर महिला मंडल, रतलाम द्वारा किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रसिद्ध भजन गायक पंडित गोपाल कृष्ण शर्मा अपने मधुर स्वर में फाग और भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।

हाथों में गुलाल लिए, आंखों में इंतजार है। सांवरे की एक झलक को, मन बेकरार है। रंग जाऊं मैं तेरे रंग में, कुछ इस तरह प्रभु, कि लिए न उतरे वो रंग ऐसा तेरा प्यार है जैसे भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिस पर महिलाओं ने जमकर आनंद लेते हुए नृत्य किया कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक गीता मंदिर परिसर में आयोजित हुआ । फाग उत्सव के इस आयोजन में भगवान श्रीकृष्ण और राधा के फाग एवं होली से जुड़े पारंपरिक भजनों की प्रस्तुति दी गयी, जिससे श्रद्धालु भक्ति और उत्सव के रंग में सराबोर हुए। गीता मंदिर महिला मंडल व श्रद्धालुओं बड़ी संख्या में मौजूद रहे। ट्रस्ट समिति के संजय व्यास ने आभार व्यक्त किया।

## चेक बाउंस में एलआईसी एजेंट को एक वर्ष का कारावास, 1.11 लाख का जुर्माना

**रतलाम।** चेक बाउंस के एक मामले में न्यायालय ने एलआईसी एजेंट सतीश कुमार चौरडिया को एक वर्ष के कारावास तथा 1 लाख 11 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी रतलाम के न्यायालय द्वारा सुनाया गया।

जानकारी के अनुसार आरोपी सतीश कुमार चौरड़िया ने वर्ष 2019 में मोहम्मद अशफाक, पिता मोहम्मद याकूब, निवासी जावरा रोड, रतलाम से 70 हजार रुपए उधार लिए थे। उधारी की राशि चुकाने के लिए आरोपी द्वारा बैंक ऑफ महाराष्ट्र, रतलाम शाखा का 70 हजार रुपए का चेक दिया गया था। परिवादी द्वारा उक्त चेक बैंक में प्रस्तुत किए जाने पर आरोपी के खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण चेक बाउंस हो गया। इसके बाद परिवादी द्वारा विधि अनुसार नोटिस भेजा गया, लेकिन आरोपी द्वारा भुगतान नहीं किया गया।

मामले में परिवादी की ओर से अधिवक्ता हेमंत चौरडिया ने न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी सतीश चौरडिया को दोषी मानते हुए 13 मार्च 2026 को एक वर्ष के कारावास और 1,11,000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। उक्त जानकारी अधिवक्ता हेमंत चौरडिया ने दी।

## चैत्र नवरात्रि 19 से, होंगे पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ

**जावरा।** चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से प्रारंभ हो रही है जो 27 तक चलेगी। प्रथम दिन 19 को प्रात: 5 बजे घट स्थापना होगी, प्रतिदिन प्रात: 730 बजे से प्रात: 9 बजे तक पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ गायत्री शक्ति पीठ, कश्मीरी गली जावरा पर आयोजित होगे, साथ ही प्रात: 6 बजे से शाम 6 बजे तक पूज्य गुरुदेव की आवाज में ऑडियो टेप के साथ अखंड गायत्री मंत्र का जाप होगा। गायत्री परिवार ने निवेदन किया है कि प्रतिदिन प्रात: गायत्री यज्ञ में अवश्य सम्मिलित हो, साथ ही अपनी सुविधानुसार 1 घंटे गायत्री जप में भी अवश्य सम्मिलित हो। नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुति दिनांक 28 मार्च शनिवार को प्रात: 8:30 बजे से होगी, तत्पश्चात कन्या पूजन एवं कन्या भोज होगा।

# जल महोत्सव : कलश यात्रा निकली, प्रतियोगिताएं हुई




**रतलाम।** जल निगम द्वारा जिला रतलाम के ग्राम जड़वासा खुर्द में सोमवार को जल महोत्सव के अंतर्गत जल अर्पण दिवस का आयोजन कलेक्टर मिशा सिंह के नेतृत्व में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा, रंगोली, जल बंधन सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रात: काल ग्राम में ढोल–बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य सुरेश पाटीदार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों द्वारा जल प्रबंधन एवं जल संरक्षण के प्रति सामुदायिक संकल्प पर अपने विचार व्यक्त किए गए। आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। सरपंच पुष्पा परमार, उपसरपंच मांगीलाल एवं सचिव दिलीप सिसोदिया को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सरपंच प्रतिनिधि सुरेश परमार जड़वासा खुर्द द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासी, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, छात्र–छात्राएं, वरिष्ठ ग्रामीण उपस्थित थे।

## सामाजिक–वैवाहिक कार्यक्रम के लिए उपलब्ध कराएं रसोई गैस

**रतलाम।** धार्मिक, सामाजिक एवं वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए व्यावसायिक गैस सिलेण्डर गैस एजेन्सी द्वारा उपलब्ध कराये जाने हेतु महापौर प्रहलाद पटेल ने जिला कलेक्टर मिशा सिंह को पत्र लिखा है। लिखे गए पत्र में महापौर प्रहलाद पटेल ने पत्र में मांग करते हुए उल्लेखित किया है कि व्यावसायिक गैस सिलेण्डर को लेकर असंमजस्य की स्थिति बनी हुई है। इससे धार्मिक, सामाजिक एवं वैवाहिक कार्यक्रमों हेतु नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आमजन परेशान होने के साथ कार्यक्रम प्रभावित हो रहे है, कार्यक्रम प्रभावित ना हो इस हेतु गैस ऐजेन्सी को व्यावसायिक गैस सिलेण्डर नागरिकों को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया जाये।

# व्यापारी संघ द्वारा कृषि मंडी में प्याऊ का किया शुभारंभ




**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** सैलाना कृषि उपज मंडी व्यापारियों की संस्था सकल कृषि मंडी व्यापारी संघ द्वारा परिसर में आने वाले किसानों, हम्मालों, तुलावटी व्यापारियों एवं आमजन की सुविधा के लिए प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष इंद्रेश चडालिया एवं मंडी सचिव गुमानसिंह भयडिया ने मंडी परिसर स्थित सग़ज बाबाजी मंदिर पर विधिवत पूजा–अर्चना करने के बाद प्याऊ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर व्यापारी संघ अध्यक्ष इंद्रेश चंडालिया ने बताया कि लंबे समय से मंडी प्रांगण में शुद्ध और शीतल जल की व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जा रही थी इसी को देखते हुए व्यापारी संघ ने प्याऊ का संचालन किया जा रहा हे उक्त प्याऊ का संचालन में संघ के सभी व्यापारियों के सहयोग से सम्पन्न हो रहा है। मंडी सचिव गुमानसिंह भयडिया ने कहा कि व्यापारि संघ को इस परमार्थ के कार्य के लिए बधाई ।

कार्यक्रम के दौरान किसानों एवं आमजन को ठंडा पानी पिलाकर सेवा कार्य की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव पंकज सियार ने किया एवं आभार उपाध्यक्ष नवदीप मेहता ने व्यक्त किया। इस अवसर पर व्यापारी संघ के पदाधिकारी प्रदीप पितलिया, कोषाध्यक्ष आकाश चंडालिया, दीपक कसेरा, झमकलाल सियार , राजेश गैलडा , नंदलाल पाटीदार, गजेंद्र गोखरू, प्रियेश बाफना, कांतशर्मा सहित व्यापारी मंडी कर्मचारी जीवनलाल निनामा, अभय लालवानी ,जितेंद्र डाबी तुलावटी हम्माल, किसान उपस्थित रहे।

# 'रेल के साथ खेल नहीं...' अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक से किया जागरूकता

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूर्ण सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में रेल सुरक्षा बल द्वारा समय–समय पर विभिन्न जागरूकता अभियान भी संचालित किए जाते हैं। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि मंडल में शरारती तत्वों द्वारा सवारी गाड़ियों पर पत्थरबाजी, रेलवे ट्रैक अथवा ट्रैक के सहायक उपकरणों से छेड़छाड़, अनधिकृत रूप से ट्रैक पार करना तथा रेलवे ट्रैक पर पशुओं के दुर्घटनाग्रस्त होने जैसी घटनाओं से रेल संचालन प्रभावित होता है। इन घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार के निर्देशन में तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा आयुक्त रामराज मीना के नेतृत्व में रतलाम मंडल पर 'रेल के साथ खेल नहीं' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत रेल सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विशेष टीम का गठन किया गया है। इसी क्रम में सोमवार को रेल सुरक्षा बल पोस्ट इंदौर के निरीक्षक जीवन सिंह तंवर, सहायक उपनिरीक्षक महेश चंद मीना तथा अन्य स्टाफ की टीम द्वारा मांगलियागांव के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन– जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। सत्य साईं पब्लिक माध्यमिक स्कूल तथा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मांगलिया गांव तथा इंदिरा नगर, मांगलिया गांव में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

**एक नजर में** ▶ **जनप्रतिनिधि और सरकारें बदलीं, नहीं बदली किसानों की किस्मत**

# खोड़ाना तालाब डूब में गई भूमि के मुआवजे की प्रतीक्षा में पथरा गई किसानों की आंखें



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** मंदसौर और रतलाम जिले की सीमा पर बनें खोडाना तालाब के डूब में गई जमीन के मुआवजे का क्षेत्र के किसानों को वर्षों से इंतजार है। इतनी लंबी प्रतीक्षा करते–करते अब तो प्रभावित कृषकों की आंखें पथरा गई है। लेकिन शासन स्तर पर उनकी भूमि के मुआवजे को लेकर ठोस नीति नहीं बन पाई। इस मामले में सरकारी स्तर पर अब तक जो भी प्रयास हुए वह नाकाफी ही रहे।

तालाब में जिन किसानों की जमीन गई उनको इस बात का बेहद मलाल है कि खोडाना तालाब उनकी खेती योग्य उपजाऊ भूमि खा गया, बावजूद इसके उनको आज तक जमीन का मुआवजा नहीं मिल पाया। तालाब डूब से प्रभावित किसान सालों से मुआवजा राशि की आस लगाए बैठे हैं। परंतु हर बार राजनीतिक उलटफेर होने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिरता गया। यह भी सोलह आने सच है कि प्रदेश में सरकारें बदलती रही, क्षेत्र में जनप्रतिनिधि बदलते रहे, मगर प्रभावित किसानों की किस्मत नहीं बदल पाई। ऐसी स्थिति में मजबूर होकर हर साल अक्टूबर–नवंबर माह में उक्त लबालब भरे जलाशय का पानी आसपास के किसान बहा देते हैं। ताकि वे एक फसल बो सके। बता दें कि अगर प्रभावित कृषक वर्षाकाल में एकत्रित इसका पानी बहाकर इसे खाली नहीं करें तो आसपास के बीस से ज्यादा ग्रामों के कुओं व नलकूपों का जलस्तर बना रह सकता है। जानकारी के अनुसार लगभग 110 साल पहले बनाए गए इस तालाब में डेढ सौ से अधिक यहां के कृषकों की जमीन उपयोग में ली गई। बताते हैं कि उक्त डेम करीबन 1200 बीघा जमीन पर फैला हुआ है।

**विधानसभा में उठाऊंगा मामला:** विधानसभा क्षेत्र मंदसौर विधायक विपिन जैन ने बताया कि खोडाना तालाब का हिस्सा मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में भी आता है। किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए हम प्रयास कर रहे हैं। इस सम्बंध में विधानसभा में भी प्रश्न लगाने का मन बना रखा है। मुआवजा देना प्रदेश सरकार पर निर्भर है। किसानों को मुआवजा कब तक मिलेगा, यह ग्यारंटी के साथ नहीं कह सकते। लेकिन इस मामले में हमारे प्रयास जारी है।

**प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति दिलवाई:** विधानसभा क्षेत्र जावरा के विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि तात्कालिक समय में मेरे द्वारा इसे विभागीय तौर पर प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति दिलवाई गई थी। लेकिन अगला विधानसभा चुनाव हार जाने के कारण अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा उक्त स्वीकृति को पूरी तरह निरस्त करवा दिया गया। अब सम्बंधित विभाग इसके लिए तैयार नहीं है। फिर भी कोशिश रहेगी कि पीडित लोगों को मुआवजा राशि प्राप्त हो।

**पिपलौदा क्षेत्र घोषित हो चुका है जल अभावग्रस्त**

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिपलौदा क्षेत्र जल अभावग्रस्त घोषित हो चुका है। वहीं खोडाना तालाब पिपलौदा विकासखंड के रणायरा, रिछा देवडा गांवों की सीमा में स्थित है। जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बीच इस डेम का पानी व्यर्थ बहा दिया जाना चिंता का विषय है। दो जिले की सीमाओं के बीच स्थित खोडाना तालाब ने मुआवजे को लेकर प्रभावित किसानों को मझधार में छोड दिया है। पीडित अन्नदाताओं की सुनवाई ना तो रतलाम प्रशासन द्वारा की जाती है और ना ही मन्दसौर प्रशासन उनकी समस्या को समझने को तत्पर नजर आता है। ऐसी दशा में किसान लोग जाए तो जाए कहां।